12 अक्टूबर,2017 से भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 2016 प्रभावी

12 अक्टूबर, 2017 से भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 2016 प्रभावी हो गया है। यह अधिनियम 22 मार्च 2016 को अधिसूचित किया गया था। यह अधिनियम भारतीय मानक परिषद (बीआईएस) को भारत का राष्ट्रीय मानक अंग के रूप में स्थापित करता है। इस अधिनियम के तहत सूचिबद्ध उद्योग की किसी वस्तु या विषय, कोई प्रक्रिया, प्रबन्ध या सेवा जिसे सरकार जनहित में आवश्यक समझती है या मानव, पशु या वृक्ष हित व सुरक्षा के संरक्षण, पर्यावरण की सुरक्षा या अनुचित व्यापारिक कार्यप्रणाली के बचाव व राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये सरकार को अनिवार्य प्रमाणीकरण शासन पद्धति के अन्तर्गत लाने के प्रावधान के लिये सक्षम बनाती है। सक्षमता का यह प्रावधान बहुमूल्य धातु की वस्तुओं की हॉल मार्किंग की अनिवार्यता के लिये भी बनाया गया है। यह नया अधिनियम विभिन्न सरलीकृत अनुपालन मूल्यांकन योजनाओं को स्वीकृति प्रदान करता है। यह अधिनियम केन्द्र सरकार को उत्पादों एवं सेवाओं के मानक और अनुपालन प्रमाण पत्र जारी करने के लिये, बीआईएस के अलावा, किसी प्राधिकरण या एजेन्सी को नियुक्त करने के लिए सक्षम बनाती है। माननीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री राम विलास पासवान ने बताया कि यह नया अधिनियम देश में व्यापार करने में सरलता प्रदान करेगा और मेक इन इंडिया अभियान को प्रोत्साहित करेगा तथा ग्राहकों के लिये गुणवता उत्पाद एवं सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा।

समीक्षा जैस्वाल के किरदार 'महक' ने बदल दी अपने फैन की जिंदगी!

इस साल 'ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स', ज़ी टीवी की शानदार सफ्लता के 25 साल का जश्न मना रहा है। इसमें यह चैनल अपने दर्शकों से 'रिश्ता मुबारक' कह रहा है। वैसे तो कई कलाकार दर्शकों के आदर्श रहे हैं, लेकिन ज़ी टीवी के हिट प्राइमटाइम शो 'ज़िंदगी की महक' की लीड किरदार महक ने अपने प्रशंसकों को उनके सपने पूरे करने के लिए प्रेरित भी किया है।

हाल ही में हुए ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स में 'ज़िंदगी की महक' की समीक्षा जैस्वाल यानी महक की मुलाकात उनकी एक फैन से हुई। इस फैन का नाम है प्रांजलि। प्रांजलि अपना खुद का व्यवसाय चलाती हैं और वह 'ज़िंदगी की महक' का एक भी एपिसोड नहीं छोड़ती हैं। ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स के प्रतिष्ठित मंच पर वह अपनी कहानी बताने मुंबई आईं। इस अवसर पर प्रांजलि ने बताया कि कैसे उन्होंने 'ज़िंदगी की महक' में समीक्षा जैस्वाल के किरदार से प्रेरित होकर पहले अपनी टिफ्नि और टेक-अवे सर्विस शुरू की। जब उन्हें अपने ग्राहकों से बढ़िया रिस्पॉन्स मिला तब प्रांजलि ने आगे चलकर एक रेस्टोरेंट खोल लिया। वह अपनी सफ्लता का पूरा श्रेय महक को देती हैं।

यह सुनकर समीक्षा ने कहा, ''मुझे इस बात की बेहद खुशी है कि ज़िंदगी की महक के मेरे किरदार ने प्रांजलि जैसी महिलाओं को अपनी जिंदगी की बागडोर संभालने और अपना भविष्य संवारने की प्रेरणा दी। 'ज़िंदगी की महक' को इतना प्यार और सराहना देने के लिए मैं दर्शकों की आभारी हूं। मैं उम्मीद करती हूं कि आने वाले कई वर्षों तक यह खास रिश्ता बना यूंही बना रहे और हम साथ मिलकर इस रिश्ते का जश्न मनाते रहें। (19-10)

पर्यटन पर्व में स्थानीय समुदायों की भागीदारी

स्थानीय समुदायों को पर्यटन पर्व के एक हिस्से के रूप में आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों में प्रमुखता से शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम के जरिये देश के विभिन्न हिस्सों के ग्रामीण जीवन, कला और शिल्प, वस्त्र, हथकरघा, संस्कृति और स्थानीय समुदायों की विरासत को प्रदर्शित किया जा रहा है। पर्यटकों और आम जनता की भागीदारी के माध्यम से पर्यटन पर्व स्थानीय समुदायों को आर्थिक और सामाजिक दोनों ही लाभ प्रदान करेगा।

पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से देशभर में फैले पर्यटन सर्किटों में पर्यटन के बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर अपना ध्यान केन्द्रित कर रहा है। इन सर्किटों में बुनियादी ढांचे के विकास से पर्यटन से संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जो स्थानीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में बेहतरी सुनिश्चित करेंगी। इन प्रयासों के अलावा पर्यटन संबंधी विभिन्न पहलों में स्थानीय समुदायों को शामिल किया जा रहा है, जिनमें ग्रामीण पर्यटन का विकास, घर में प्रवास के बारे में संवेदनशीलता, प्रचार और पर्यटन पर्व जैसे कार्यक्रम शामिल है।

आठवें दिन का आकर्षण तमिलनाडु यात्रा मार्ट (टीटीएम) का उद्घाटन था, जो पर्यटन समुदाय से हितधारकों के लिए एक वैश्विक आयोजन है। इसमें राज्य की संस्कृति, विरासत और पर्यटन क्षमता का प्रदर्शित किया जाएगा।

केरल की राज्य सरकार द्वारा पर्यटन पर्व के हिस्से के रूप में लाइट हाऊस बीच, कोवालम में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। तमिलनाडु सरकार के सहयोग के साथ इंडिया टूरिज्म चेन्नई ने मम्मलपुरम में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया।

राष्ट्रीय रूर्बन मिशन के तहत ग्रामीण विकास मंत्रालय ने स्पितुक गोम्पा, लेह में पर्यटन के ढांचे, पर्यटन सूचना केन्द्र, मनोरंजन/थीम पार्क और पार्किंग सुविधाओं के विकास के लिए स्पितुक रूर्बन कलस्टर में पर्यटन परियोजनाओं की शुरूआत की है।

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने ईटानगर में ट्रांसपोर्टरों, टूर ऑपरेटरों, होटल मालिकों, छात्रों, समुदायिक संवेदनशीलता के हितधारकों के लिए संवेदी कार्यक्रमों का आयोजन किया।

छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड ने रायपुर के जे.एन.पांडे स्कूल और कल्याण पब्लिक स्कूल में स्कूली बच्चों के लिए भाषण, चित्रकारी और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

इला भट्ट ने लालबहादुर शास्त्री के जीवनवृतांत का विमोचन किया

अहमदाबाद। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री के प्रेरणादायी जीवन को बताने वाले लालबहादुर शास्त्रीना सूत्र, पुस्तक का इलाबेन भट्ट के हाथों लोकार्पण किया गया। इस पुस्तक में शास्त्री के बचपन, युवावस्था और आमजीवन को शामिल किया गया है। इस जीवनवृतांत को स्व. लालबहादुर शास्त्री और पवन चौधरी द्वारा आलेखित किया गया है। इस पुस्तक को विजडम विलेज पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित किया गया है और रु.225 में उपलब्ध है।

इस पुस्तक में लालबहादुर शास्त्री के समृद्ध मूल्यों और सिद्धांतों को शामिल किया गया है। इन मुद्दों को तीन सेक्शन्स में वर्णन किया गया है। इसमें व्यक्तिगत स्तर, आंतर वैयक्तिक स्तर और सामाजिक स्तर पर हम सभी को प्रेरणा देने वाले सिद्धांत और मूल्यों को शामिल किया गया है। इस संस्मरणों विचार प्रेरक है और सरलता से आलेखित बातों से पाठकों को विषय में जकड़ कर रखता है। इस पुस्तक में आलेखन में शास्त्रीजी की सादगी, सरलता, प्रमाणिकता, दूरंदेशी और नेतृत्व के कारण तीव्र खाद्य संकट, सामाजिक अशांति और आक्रमक पडोसी जैसी विपदा को पहचान राष्ट्र सक्षम रुप से खड़ा रहा ऐसी प्रसंगों का वर्णन है। इसमें व्यूहात्मक मार्गदर्शन के कारण 1965 में पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध जीतने में भारत को सफलता मिली।

इस पुस्तक के लोकार्पण के मौके पर लेखक अनिल शास्त्री ने बताया कि शास्त्रीजी की बात विभिन्न स्तर पर कहना योग्य है। वह अपने पीछे ऐसी विरासत छोड़ गए है जिसके साथ कदम मिलाना कठीन है। मुझे विश्वास है कि भारत में लाखों लोग यह पुस्तक पढ़ेंगे और शास्त्रीजी के जीवन से प्रेरणा लेंगे। (22-1)

सम्पूर्ण नये किंडल ओआसिस को मिला : 7 इंच, 300 पीपीआई डिस्प्ले एवं वॉटरप्रूफ डिजाइन

अमेजोन द्वारा उनका आज तक का सबसे आधुनिक किंडल संपूर्ण नया किंडल ओआसिस का ऐलान किया । जिसमें सबसे बड़ा , सर्वोच्च रिजोल्युशन पेपर व्हाइट डिस्प्ले और पतला तथा हल्की अर्गोनोमिक डिजाइन है, जिससे आप घंटो तक आराम से पढ़ सकते है। संपूर्ण नया किंडल ओआसिस सर्वप्रथम वॉटरप्रूफ किंडल है। जिससे आप सरोवर से स्वीमिंग पुल तक काफी स्थलों पर पढ़ते - पढ़ते आराम कर सकते हैं। संपूर्ण नया किंडल ओआसिस बैट्री समाप्त होते ही दो घंटे से भी कम समय में पूरी चार्ज हो सकती है। संपूर्ण नया किंडल ओआसिस रु. 21999 से आरंभ कर www.amazon.in/kindleoasis पर प्री- ऑर्डर से बुक करा सकते हैंऔर 13 नवम्बर के सप्ताह से इसका शिपिंग शुरू किया जायेगा।

दस साल पहले हमने 60 सेकंड व कम समय में लिखि कोई भी किताब की डिलेवरी करने के उद्देश्य के साथ हमारा पहला किंडल पेश किया था, ऐसी अमेझोन डिवाइसीस के सिनियर वाइस प्रेसिडेन्ट डे. लिंप ने बताया । विशाल 7 इंच , 300 पीपीआई डिस्प्ले, वॉटरप्रूफ डिजाइन सहित संपूर्ण नया किंडल ओआसिस हमारा आज तक का अत्याधुनिक किंडल है। (20-4)

अमेज़न गिफ्ट काड्र्स हैं सबसे पसंदीदा कॉर्पोरेट गिफ्ट

amazon.in

बेंगलुरू, भारत में कॉर्पोरेट गिफ्टिंग प्रीफ्रेंसेज पर नील्सन द्वारा हाल ही में एक देश-व्यापी अध्ययन का संचालन किया गया। इस अध्ययन में अमेज़न गिफ्ट कार्ड प्राप्त करने वाले लोगों ने बीच अमेज़न गिफ्ट काड्र्स सबसे पसंदीदा कॉर्पोरेट गिफ्ट बनकर उभरा है। इस अध्ययन का संचालन अमेज़न द्वारा किया गया था। इसमें कॉर्पोरेट्स के लिये अमेज़न गिफ्ट काड्र्स पाने वाले 2669 लोगों को शामिल किया गया।

कॉर्पोरेट्स द्वारा विभिन्न अवसरों पर पूरे साल उपहार दिये जाते हैं। इनमें कर्मचारियों को पुरस्कार एवं सम्मान देना, चैनल पार्टनर को दिये जाने वाले उपहार, सेल्स इंसेंटिव्स, कंज्यूमर प्रमोशन्स, कंज्यूमर लॉयल्टी प्रोग्राम्स, ग्राहकों को दिये गये तोहफे, फेस्टिव एवं सालाना उपहार इत्यादि शामिल हैं। इस अध्ययन में पाया गया कि विभिन्न अवसरों पर उपहार पाने वालों में अमेज़न गिफ्ट कार्ड प्राप्त करने वाले 86 प्रतिशत लोग अपने गिफ्ट कार्ड्से बेहद संतुष्ट थे। अन्य गिफ्ट काड्र्स/वाउचर्स/बैंक कार्डस और अन्य फिजिकल गिफ्ट्स (मग्स, टी-शर्टस, पर्सनलाइज्ड आइटम्स इत्यादि) की तुलना में अमेज़न गिफ्ट काड्र्स उन्हें सबसे ज्यादा संतोषजनक लगे। तकरीबन 90 प्रतिशत लोगों को लगता है कि ये गिफ्ट काड्र्स विभिन्न अवसरों के लिये एक सबसे उपयुक्त उपहार हैं।

अध्ययन में खुलासा हुआ है कि अमेज़न गिफ्ट कार्ड पाने वाले 5 में से 4 लोग भविष्य में भी अमेज़न गिफ्ट काड्र्स प्राप्त करना पसंद करेंगे। वहीं, 74 प्रतिशत लोग अमेज़न गिफ्ट काड्र्स को कैश करना पसंद है, जबकि 90 प्रतिशत लोग अमेज़न गिफ्ट काड्र्स को कैश करना पसंद करेंगे। अमेज़न गिफ्ट कार्ड्स से संतुष्ट होने का सबसे बड़ा कारण यह है कि इसे इस्तेमाल करना आसान है। अमेज़न गिफ्ट कार्ड प्राप्त करने वाले 90 प्रतिशत लोगों ने इसे 'रिडीम/क्लेम करने में आसान एवं सुविधाजनक' माना है, जोकि अमेज़न गिफ्ट काड्र्स से संतुष्ट होने का एक प्रमुख कारण है। (20-4)

जीएसटी के लिए अपना बेस्ट बिजनेस पीसी चुने

अपने जीएसटी परिवर्तन के लिए एक आसान डिवाइस चुने, जिसमें एक पूर्व-एकीकृत सॉफ्टवेयर हो, जो आसानी से आपके छोटे और मध्यम आकार के व्यवसाय के कई कार्यों को संभाल सकता है। इंटेल इंडिया ने जीएसटी युक्त उपकरणों की लागत को कम करने के लिए एसर, डेल, लेनोवो, हेवलेट पेकार्ड, आईबॉल और फोरस्टार (कार्वी की सहायक कंपनी) जैसी कंपनियों के साथ मिलकर कार्य किया है, जो सूरत के स्थानीय व्यवसायियों और उद्यमियों के लिए ई-कॉमर्स और रिटेल स्टोर्स जैसे स्नैपडील, फ्लिपकार्ट, पेटीएम, शॉपक्लूस, रिलाइंस डिजिटल और क्रोमा पर उपलब्ध है।

एसर डिवाइस One 110] Extensa N4640G और Veriton Z4640G प्री-इंस्टॉलड बिजगुरू, जीएसटी युक्त टेली ईआरपी 9 सॉफ्टवेयर के साथ आते है, जो आपकी अकाउंटिंग और जीएसटी की सभी आवश्यकताओं को पूरा करता है। जीएसटी युक्त एसर Extensa N4640G अपने छोटे सीपीयू की उच्च कार्यक्षमता और गति के कारण यात्रा करने वालों मालिकों का पसंदीदा है।

एचपी पोर्टफोलियो में फ्लिवर डिवाइस नोटबुक 15-bs541TU और ऑल इन वन 20-c103in में जीएसटी सॉफ्टवेयर, सर्विसेज और क्लाउड स्टोरेज के साथ आते है। दोनों ही डिवाइस दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आधुनिक डिजाइन, कार्यक्षमता और कीमत पर उपलब्ध है।

जीएसटी तैयार समाधानों के साथ डेल नोटबुक की वोस्ट्रो सीरीज 15 3000 के मॉडलों में Vostro 3558 और Vostro 3250 शामिल है। इंटेल कोर आई5 युक्त ये लेपटॉप सूक्ष्म व्यवसायियों के दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए है। इनका अल्ट्रा लो वॉल्टेज प्रोसेसर लंबी बैटरी लॉइफ प्रदान करता है।(20-4)

महेश कुमार गुप्ता रेलवे बोर्ड के नये सदस्य (इंजीनियरिंग) नियुक्त

महेश कुमार गुप्ता रेलवे बोर्ड के नये सदस्य (इंजीनियरिंग) और भारत सरकार के पदेन सचिव नियुक्त किये गये हैं। 11 अक्टूबर, 2017 को उनके द्वारा पदभार ग्रहण किया जाना तय हुआ। 1979 बैच के भारतीय रेलवे इंजीनियर सेवा (आईआरएसई) के एक अधिकारी श्री गुप्ता ने वर्ष 1979 में रूड़की विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री प्राप्त की।

इस पदभार से पहले वह रायबरेली स्थित मॉडर्न कोच फैक्टरी में महाप्रबंधक थे। वह मध्य रेलवे में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) का पद संभाल चुके हैं। उन्होंने विभिन्न अन्य पदों पर भी कार्य किया है, जिनमें मुख्य पुल अभियंता, पूर्वी रेलवे एवं मध्य रेलवे, मुख्य अभियंता (नियोजन एवं डिजाइन), मध्य रेलवे, वरिष्ठ प्रभागीय अभियंता (समन्वय), नागपुर प्रभाग, मध्य रेलवे, उप मुख्य अभियंता, कोंकण रेलवे, संयुक्त निदेशक (ट्रैक), आरडीएसओ, लखनऊ एवं उप मुख्य अभियंता, मध्य रेलवे शामिल हैं।

डी.के. गेयन रेलवे बोर्ड के नये सदस्य (स्टाफ) नियुक्त

डी.के. गेयन रेलवे बोर्ड के नये सदस्य (स्टाफ) और भारत सरकार के पदेन सचिव नियुक्त किये गये हैं। 11 अक्टूबर, 2017 से उनके द्वारा पदभार ग्रहण किया जाना तय हुआ। 1981 बैच के भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियर सेवा (आईआरएसएमई) के एक अधिकारी श्री गेयन ने वर्ष 1989 में मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान से मैकेनिकल में स्नातक की डिग्री प्राप्त की।

इस पदभार से पहले वह हाजीपुर स्थित पूर्वी-मध्य रेलवे में महाप्रबंधक थे। वह दक्षिणी पूर्वी रेलवे में मुख्य मैकेनिकल इंजीनियर का पद संभाल चुके हैं। उन्होंने विभिन्न अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया है, जिनमें चीफ रोलिंग स्टॉक इंजीनियर, पूर्वी रेलवे एवं चीफ मोटिव पावर इंजीनियर, पूर्वी रेलवे, चीफ वर्कशॉप मैनेजर, जमालपुर वर्कशॉप और लिलुआ वर्कशॉप शामिल हैं। वह आसनसोल और मुगलसराय प्रभाग में भी प्रभागीय रेलवे महाप्रबंधक का पद संभाल चुके हैं। उन्होंने लखनऊ स्थित आरडीएसओ में निदेशक (निरीक्षण और संपर्क) के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

नरेन्द्र मोदी बिहार में चार सीवरेज परियोजनाओं और चार राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कल पटना शहर के लिए 738.04 करोड़ रुपये की लागत वाली चार सीवरेज परियोजनाओं और 195 कि.मी. लम्बी 3031 करोड़ लागत वाली चार राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। शिलान्यास समारोह मोकामा में आयोजित किया जाएगा। केन्द्रीय जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण, परिवहन और जहाजरानी मंत्री श्री नितिन गडकरी भी शिलान्यास समारोह में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर बेऊर और सैदपुर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा सीवर नेटवर्क तथा करमालीचक में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का शिलान्यास होगा। इन चार परियोजनाओं से बेऊर, करमालीचक और सैदपुर सीवरेज क्षेत्रों (जोन) के लिए 120 एमएलडी की नई एसटीपी क्षमता सृजित होगी और 20 एमएलडी की वर्तमान क्षमता का उन्नयन होगा।

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियंता, बोर्डर फेन्सिंग डिवीजन- IV थराद द्वारा सीपीडब्ल्यूडी द्वारा कम्पोसीट और रोड के लिए सुयोग्य और मान्य ठेकेदारो से निम्न कार्यों के लिए ओनलाइन **प्रतिशत दर** से बोलियां आमंत्रित की जाती है।:-

निविदा सूचना संख्या : 03/एसई/बीएफसी-2/भुज/2017-18 कार्य का नाम : रिपेयर एण्ड मेइन्टेनन्स ऑफ बोर्डर रोड इन फ्लड डेमेज्ड पोर्शन फ्रोम बीपी 960 टूवड्र्स बीपी 961, बीपी 960 टूवड्र्स बीपी 957 एण्ड प्रिमिक्स कारपेटींग नियर बीपी 957 टू बीपी 963 (एक्सक्लुडींग टी प्वाइंट), बीपी 975 टू बीपी 984 अलोन्ग इंडो-पाक बोर्डर इन गुजरात सेक्टर अंडर हेड-2055

अनुमानित लागत : रु. 5,67,38,131/-

अर्नेस्ट मनी: रु. 11,34,763/-

समयावधि : 04 महीना

ओनलाइन बीड सबमिट करने की अंतिम तारीख और समय: 30-10-2017 दोपहर 3.00 बजे तक

निविदा प्रपत्र और अन्य जानकारी वेबसाइट www.tenderwizard.com/CPWD or www.cpwd.gov.in or www.wprocure.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

प्रेस सूचना www.eprocure.gov.in पर भी उपलब्ध है।

CENTRAL PUBLIC WORKS DEPARTMENT NOTICE INVITING e-TENDERS

The Executive Engineer, Vadodara Central Division, CPWD, Dak Bungalow, Behind Post Office, Fatehgunj, Vadodara-390 002 (Office phone No. 0265-2784941. Fax No. 0265-2787144) invites on behalf of the 'President of India' online **'Percentage rate'** e-tender from approved and eligible CPWD contractors in the **"Composite Category"** for the following works.

1) NIT No.: 25/EE/VCD/2017-18, *Name of work:* **Up-gradation & Renovation of Central Excise Staff Quarters at Central Revenue Colony, Vadodara. SH:Replacement of windows and Ventilators of 17 Nos. Type-III (old phase)Qrt. No. 105 to 116, 121 to 125 Quarters and 17 Nos. Type- III (New phase) Qtr. No. 253 to 268 and 325.**

Estimated Cost : Rs.28,12,173/-, *Earnest money :* Rs. 56,243/- Period of Completion : 04 (Four) Months, Last Date and Time of Submission of e-Tender : 17.10.2017 up to 15:00 Hrs., Date of Opening of e-Tender : 17.10.2017 at 15:30 Hrs.

2) NIT No.: 26/EE/VCD/2017-18, *Name of work:* **Structural repair and External painting work in Central Excise & Customs Office building, Opp. Gandhi Baug, Chowk Bazaar, Surat.**

Estimated Cost : Rs.22,70,851/-, *Earnest money :* Rs.45,417/- Period of Completion :04(Four) Months, Last Date and Time of Submission of e-Tender: 17.10.2017 up to 15:00 Hrs., Date of Opening of e-Tender : 17.10.2017at 15:30 Hrs.

The Tender forms and other details can be obained from the website.
*www.tenderwizard.com/**CPWD** or www. cpwd.gov.in*

पीरामल एन्टरप्राइज़ेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिविजन ने गार्डेन साइन्ज़ को लॉन्च किया

पीरामल एन्टरप्राइजेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिविजन ने आज जंगल मैजिक के गार्डन साइन्ज़ के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक अनूठा, एजुकेशनल गेम है, जिसे 7 से 11 साल के बच्चों को क्रिएटिविटी के माध्यम से सिखाने के लिये तैयार किया गया है। पीरामल की इनोवेशन लेब्रोट्री में तैयार किया गया गार्डेन साइन्ज़ बच्चों को व्यवहारिक तौर पर सीखने का विस्तृत रूप प्रदान करता है। इसके माध्यम से बच्चे चीजों के बारे में जान सकते हैं, सवाल पूछ सकते हैं और भारत और के भूगोल पेड़-पौधों की विविधता पर केंद्रित, संपूर्ण विकास कर सकते हैं।

जंगल मैजिक की परिकल्पना वर्ष 2009 में की गई थी। इसके माध्यम से मजेदार तरीके से स्वास्थ्य उपलब्ध कराकर बच्चों को तंदुरूस्ती प्रदान करने का प्रयास किया जाता है।

लॉन्च के मौके पर अपनी बात रखते हुए, पीरामल एन्टरप्राइजेज में कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिविजन के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, श्री केदार राजदनी ने कहा, ''हाल के सालों में, शिक्षा और ज्ञान के प्रसार में उल्लेखनीय बदलाव आये हैं। प्रायोगिक रूप से सीखने की परंपरा की जगह वर्चुअल दुनिया ने ले ली है। बच्चों के जीवन में प्रायोगिक रूप से सीखने की महत्वपूर्ण भूमिका को पुनर्जीवित करते हुए, जंगल मैजिक के गार्डेन साइन्ज़, पीरामल एन्टरप्राइज़ेज ने मजेदार तरीके से उन्हें सिखाने की जिम्मेदारी उठाई है। हम बच्चों के संपूर्ण विकास पर भरोसा करते हैं, जिसमें चार प्रमुख स्किल्स होती हैं-सोशल, थिंकिंग, इमोशनल के साथ-साथ फिजिकल। इसे हम एसटीईपी दृष्टिकोण कहते हैं और सारे प्रोडक्ट्स को इस तरह से तैयार किया गया है कि वो बच्चों में ये स्किल्स विकसित कर सकें।''(20-4)

बिम्सटेक आपदा प्रबंधन अभ्यास-2017 के अंतर्गत बाढ़ से बचाव के बारे में संयुक्त क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास

बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक), आपदा प्रबंधन अभ्यास -2017 के लिए पहली बंगाल की खाड़ी पहल के अंतर्गत यमुना बैराज, वजीराबाद में बाढ़ से बचाव के बारे में संयुक्त क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास किया गया जिसमें बिम्सटेक समूह के सभी 7 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों और बचाव दल ने बेहद उत्साह के साथ भाग लिया।

लगातार भारी वर्षा के कारण दिल्ली और नजदीकी इलाकों में यमुना नदी में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो जाती है। बड़ी संख्या में लोग बाढ़ प्रभावित इलाकों में फंस जाते हैं। बाढ़ आपदा के भारी प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, बिम्सटेक सदस्य देशों ने बाढ़ राहत और जरूरतमंदों को निकालने के लिए भारत सरकार को सहायता देने की पेशकश दी।

वास्तविक आपदा परिदृश्य का अहसास कराने के लिए यमुना बैराज को एक कृत्रिम शहरी कॉलोनी बनाया गया जिसमें बाढ़ से प्रभावित इलाकों और घरों को दर्शाया गया। बहु-मंजिली इमारतों और घरों सहित बड़ी संख्या में डूबे हुए डमी ढांचे को उस स्थिति में तैयार किया गया जिसमें लोग बाढ़ से घिरे हुए थे। सभी बिम्सटेक सदस्य देशों के बचाव दलों ने बाढ़ में फंसे हुए प्रभावित लोगों को सफलतापूर्वक बचाने में अपना उत्कृष्ट पेशेवर कौशल दिखाया।

विभिन्न सदस्य देशों के बचाव दलों ने स्थिति के अनुसार कार्य किया और बाढ़ से बचाव के नवीनतम औजार/उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए तेजी से प्रतिक्रिया व्यक्त की। बचाव दलों ने आधुनिक तरीके से तलाशी और बचाव कार्य किया। बाढ़ में फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए एक हेलीकॉप्टर का भी इस्तेमाल किया गया। बचाव दल ने बाढ़ के शिकार लोगों को हवा में निकालने के लिए विशेष कौशल का प्रदर्शन किया। जरूरतमंदों को चिकित्सा सेवा, खाद्य पैकेटों का वितरण भी साथ-साथ दिखाया गया।

यह संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास एनडीआरएफ के महानिदेशक श्री संजय कुमार की देखरेख में किया गया।

पश्चिम रेलवे द्वारा बिना टिकट यात्रा के विरुद्ध सितम्बर, 2017 में सघन अभियान

पश्चिम रेलवे द्वारा सितम्बर, 2017 में बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। इसके परिणामस्वरूप बिना बुक किये गये सामान के प्रकरणों सहित बिना टिकट यात्रा/अनियमित यात्रा के लगभग 1 लाख 83 हजार मामले पकड़े गये। इन मामलों में 7.19 करोड़ रु. जुर्माने स्वरूप प्राप्त किये गये, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 5.45 प्रतिशत अधिक है। इसके अतिरिक्त 876 भिखारियों तथा अनधिकृत फेरीवालों को रेल परिसर से बाहर कर जुर्माना वसूल किया गया तथा 150 व्यक्तियों को जेल भेजा गया।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री रविंद्र भाकर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सितम्बर, 2017 के दौरान, दलालों तथा असामाजिक तत्त्वों के विरुद्ध पश्चिम रेलवे द्वारा 218 जाँचें आयोजित की गईं। इनके परिणामस्वरूप 175 व्यक्तियों को पकड़ा गया तथा रेल अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा चलाकर उनसे जुर्माना प्राप्त किया गया। सितम्बर, 2017 के दौरान, सुरक्षिणी दस्ते द्वारा 12 वर्ष से अधिक उम्र के 55 स्कूली बच्चों को उपनगरीय ट्रेनों के महिला डिब्बों में सफर करते हुए पाया गया, जिन्हें वहाँ से हटाया गया।

पश्चिम रेलवे द्वारा बिना टिकट यात्रा करने वालों के विरुद्ध नियमित रूप से ऐसे सघन अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाती रही है। अपने अधिकृत रेल उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा बिना टिकट यात्रा में कमी लाने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे द्वारा हमेशा कारगर कदम उठाये जाते रहे हैं। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बिना टिकट यात्रा के कारण होने वाली राजस्व क्षति तथा इस तरह की अन्य अनियमितताओं पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों से अपील की गई है कि वे उचित टिकट खरीदकर सम्मान के साथ यात्रा करें।

संपादक-चुनीलाल एस. भट्ट, मुद्रक एवं प्रकाशक-मयुर सी. भट्ट, प्रकाशन स्थल-201, 202, 208 नंदन कोम्प्लेक्ष, मीठाखली, अहमदाबाद-6. मालिक-कल्याणी पब्लिकेशन प्रा.लि. द्वारा महादेव ऑफसेट, बी-4, रवि एस्टेट, रूस्तम मिल कम्पाउंड, दूधेश्वर, अहमदाबाद में छपवाकर प्रकाशित किया। फोन-26568477, 26409779. E : alpaviram1@yahoo.com

सूचना

कृपया आपके विज्ञापन व समाचार हमारे निम्न लिखित ई-मेल पर ही भेंजे :

alpaviram@gmail.com